Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 13-10-2022 | अंक 370

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### परेशानी : निबंधन कार्यालय में रजिस्ट्री बंद, आम लोगो को परेशानी

### बरही में जल्द बहाल हो स्थाई रजिस्टार : मनोज यादव



बरही निबंधन कार्यालय में जमीन रजिस्ट्री का काम 14 सितंबर से बाधित है। जिसको लेकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के कहा की रजिस्ट्री का कार्य नही होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की रजिस्ट्री कार्यालय में स्थाई अवर निबंधक नही होने से जमीन की रजिस्ट्री में परेशानी हो रही है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की स्थाई अवर निबंधक नही होने के कारण जमीन का खरीद बिक्री नही हो पा रहा है। जिससे सरकार को भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। जिसको लेकर उन्होंने उपायुक्त से जल्द स्थाई रजिस्टार बहाल कराने की मांग की है।

## सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है की बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही डिफेंस एकेडमी में 10 अक्टूबर से नामांकन प्रारंभ हो चुका है। जहां डिफेंस से संबंधित हर एक प्रकार की तैयारी कराई जाती है। इस बात की जानकारी संस्थान के निदेशक रोहित कुमार यादव ने दी है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करे।

संपर्क सूत्र 8709962329

APEM LIVE

# रसोइया धमना में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन, कुल 285 आवेदन हुए जमा, 3 रद्द, 97 का निष्पादन और 197 प्रक्रिया में



दीप प्रज्वलित करते विधायक, बीडीओ व अन्य



महिलाओं से बात करती बीडीओ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रसोइया धमना पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, बीडीओ सी.आर. इंदवार, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, जीप सदस्या प्रीती कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू बुधवार को बेंदगी पंचायत भवन पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 285 आवेदन जमा किए गए। जिसमे 97आवेदन का तुरंत निष्पादन किया गया, 3 रद्द और 185 प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से सं. बंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया गोविंद साहू, पंसस मो तैयब, उपमुखिया बीरेंद्र साहू, लिपिक महेंद्र राम, सावंत कुमार, मो इम्तियाज, जे ई आसिफ अकरम, दीपक कुमार सहित सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# मलकोको के बुंडू में नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन, अपना क्लब कोल्हुवाकला बना विजेता

## फाइनल मैच में कोलहुआ ने नोकाडीह को 2 – 0 से किया पराजित



उद्घाटन करते पूर्व विधायक एवं अन्य



विजेता टीम को पुरुस्कृत करते जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के ग्राम पंचायत मलकोंको के बुंडू गांव में नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया ।टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, मुखिया विजय कुमार यादव मलकोको पंचायत समिति सदस्य नीलम कुमारी, एवं युवा नेता कृष्णा कुमार यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । इस टूर्नामेंट में बरही, चंदवारा, जयनगर बरकट्ठा, हजारीबाग एवं कोडरमा की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। पहले सेमीफाइनल में झारखंड विजेता क्लब करगईयो और अपना बल्ब कोलुआकला टीम के बीच खेला गया । वही दूसरा सेमीफाइनल जयनगर नौकाडीह एवं मझगांव के बीच खेला गया। फाइनल मुकाबला अपना क्लब कोल्हुवाकला एवं नौकाडीह के बीच खेला गया। जिसमें अपना क्लब की टीम 2-0 से टूर्नामेंट पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उप विजेता टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर बरही के पूर्व विधायक मनोज यादव, हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरही मुखिया संघ के अध्यक्ष सह ग्राम पंचायत मलकोकों के मुखिया विजय यादव , जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि बरही पश्चिमी गुरुदेव गुप्ता जी, पूर्व जिला परिषद सदस्य अर्जुन साहू, भाजपा नेता रमेश ठाकुर, मुखिया भंडारों सकलदेव यादव, मुखिया दुलमहा नारायण यादव, डपोक मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, बिजैया मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर , कोलुआकला पंचायत मुखिया मंगलदेव यादव जी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रोहित यादव ,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मणिलाल यादव, युवा नेता कृष्णा यादव, पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज कुमार, पूर्व मुखिया रघुवीर यादव राजकुमार यादव, अरविंद कुमार, रंजीत यादव, केदार राणा, जितेंद्र सिंह ,वासुदेव यादव, विनोद यादव, वार्ड सदस्य इंद्रदेव यादव, बाबू लाल यादव के साथ-साथ सैकड़ो लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में युवा क्लब के अध्यक्ष नरेश यादव सचिव विकास यादव कोषाध्यक्ष राजकुमार यादव,टीम मैनेजर रोहित यादव प्रमोद यादव रेफरी महोदय गोपी जी अजीत कुमार दीपक कुमार नीतीश कुमार आनंद कुमार सोनू कुमार राहुल यादव राजेश यादव मुकेश यादव संतोष यादव इत्यादि युवा क्लब के पूरे सदस्यों ने अपनी विशेष योगदान दिया

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

## BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 — Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital, New Colony, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
2. Tathagat Hospital, Near Jheel Restaurant, Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days — Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.

12. Details of Qualifying Exam

| S.No. | ExamPassed | University/ Board | Subject | Yearof Passing | % / CGPA | Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Xth | | | | | |
| 2 | XIIth | | | | | |
| 3 | Graduation | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

### DECLARATION

I.......................................................................... hereby that I have read the Basic Paramedical Training Prospectus and understood the condition of the eligibility for the Basic Paramedical Training Programme for which I seek registration. I fulfill the minimum eligibility criteria and I have provided necessary information in this Registration Form. In the event of any information being found incorrect or misleading my candidate shall be liable to cancellation from the Basic Paramedical Training Programme at anytime and I shall not be entitled to refund of any fee paid by me to the APEM Trust Hospital, Barhi.

Applicant's Signature:................................. Parent's Signature:.......................................

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

1. Applicant must use Ball pen with blue/black ink only.
2. Applicant must provide the correct details only.
3. The Minimum eligibility criteria for Basic Parmedical Training Programme is Matric.
4. Applicant must know how to read or write the English language.
5. Form to be accompanied by Copies of ID/Certificates (e.g. Adhar,Matriculation, and others if any).
6. The Form should be submitted within 10 days of issusing form.
7. Applicant should have a basic knowledge of Medical.
8. The Basic Paramedical Training Programme is of 90 days, and you must have to attend all days.
9. At the end of the training a test will be organised, if you pass then certificate will be issused.
10. Applicant should get the form with a Registration Fee of Rs. 500/-(Five Hundred Rupees only).
11. Applicant can use the certificate for the Diploma/Degree in Paramedical in future.

Reg. No. - ............. **FOR OFFICE USE ONLY** Form No.-.............

Applicant Name: ................................................. Father's Name:.............................................................

Address: ..........................................................................................................................

Fee Received(Rs.): ..........................(In Words) ........................... ...............................

By Cash/Cheque...: ......................... ...Bank of ............................Dated:.......................

Accounts officer's Signature: ...................................(Name):.........................................

Form Checked & Verified By: ................................ (Name): ..........................................

Office Administrator.............................................. Dated:... ................................ ......

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

Reg. No. 2036000529

### BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

### REGISTRATION FORM

Affix Recent Passport Size Photo with Self Attested Signature

**Reg. No. - .............**

**Form No.-.............** **Date : ...........................**

***(Please fill the Registration Form in CAPITAL LETTERS)***

1. Applicant Name (In English): ..........................................................................
   आवेदक का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
2. Father's Name (In English): ..........................................................................
   पिता का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
3. Mother's Name (In English): ..........................................................................
   माता का नाम (हिन्दी में): ..........................................................................
4. Dateof Birth (जन्म तिथि): ......./......./.............. 5. Nationality(राष्ट्रीयता):.................................
6. Gender(लिंग): Male/Female ........................ 7. Category (SC/ST/OBC/GEN): ............................
8. Marital Status: Single/Married/Divorced ..........................................................................
9. Address for Correspondence(पत्राचार पता): ..........................................................................
   ..........................................................................
   Post Office:..................................Police Station:..................................Pin Code:....................
   City:...................................State:............................................Country:..........................................
10. Contact No.(संपर्क सं०): LandlineNo.: ..................... ..........................
    Mobile No.: ...................................................
11. EmailID (ईमेल आई डी) : ................................................ Aadhar No...........................................

### बेसिक पारामेडिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम (डिप्लोमा/डिग्री के लिए)

आप क्या सीखेगें



1. BP नापना



2. सूई देना



3. OT बेसिक मैनेजमेंट



4.बेसिक दवाईयाँ




5. Sline चढ़ाना



6. ऑक्सीजन देना



7. ICU बेसिक मैनेजमेंट



8.Blood Test

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मध्य विद्यालय बेन्दगी को मिलेगा उच्च विद्यालय का दर्जा , विधायक ने किया घोषणा

### मध्य विद्यालय बेन्दगी में स्वागत कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विधायक का स्वागत करती स्कूली छात्राएं

राजकीय मध्य विद्यालय बेन्दगी को उच्च विद्यालय के तौर पर उत्क्रमित किया जाएगा। जल्द ही मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय का दर्जा मिलेगा। उक्त घोषणा बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय के तौर पर उत्क्रमित होने की खुशी में मध्य विद्यालय बेन्दगी में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के ब्रांड एम्बेसडर मो तौकीर रजा एवं संचालन प्रधानाध्यापक सुरेश रजक एवं मो रि. जवान किया। मौके पर सभी शिक्षकों ने विधायक उमाशंकर अकेला को बुके देकर स्वागत किया। विद्यालय की बच्चीयों के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि विद्यालय के ब्रांड अम्बेसडर मो तौकीर की उपस्थिति में दो वर्ष पहले उपायुक्त को इसी विद्यालय का निरीक्षण करवाकर उच्च विद्यालय के तौर पर उत्क्रमित करने की प्रक्रिया को शुरू कराया गया था। शिक्षा मंत्री से व्यक्तिगत वार्ता कर उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने के लिए आग्रह किया था। जिसके परिणामस्वरूप उच्च विद्यालय के तौर पर उत्क्रमित करने की सहमति मिली है। जल्द ही मूर्त रूप दिया जाएगा। कहा कि हमेशा मैं देखता था कि काफी संख्या में बच्चियां उच्च शिक्षा के लिए बरही जाती हैं। उसी की समस्या को देखते हुए उच्च विद्यालय का दर्जा दिलाया गया है। मौके पर बरही विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठु गोप ,जिला उपाध्यक्ष डo0 निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इक़बाल रज़ा ,विधायक प्रतिनिधि बरही सुनील साव ,अब्दुल मनान वारसी प्रखंड अध्यक्ष, प्रमुख मनोज रजक ,जिला परिषद प्रीति कुमारी, मो0 तौकीर रजा ब्राण्ड अम्बेडकर सह मीडिया प्रभारी, गोबिंद साव मुखिया रसोइया धमना, सिकन्दर राणा मुखिया बेन्दगी, मो0 तैयब अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद रजक, दिनेश साव अध्यक्ष मध्य विद्यालय बेन्दगी, रिजवान अहमद, राजेन्द्र प्रसाद केशरी ,मो0 मोहिउद्दीन, राणा निखहत, उषा राम, नशरीन बनो, रेखा कुमारी, सरिता देवी, लक्ष्मी कुमारी ,संध्या कुमारी, मुन्ना कुमार यादव, महेश्वर प्रसाद यादव, क्यूम अली ,मो0 बीरेंद्र कुमार, बासुदेव साव, गिरजा देवी, मनोज साव ,देवलाल यादव, मो0 तौसीफ, मो0 रफीक, मो0 कलीम, गोबिंद यादव आदि लोग मौजूद थे।

## अवैध कोयला तस्करों के खिलाफ खनन विभाग व चौपारण पुलिस कि बड़ी कार्यवाई

### छः ट्रक व एक पिकअप पर मामला दर्ज, पाँच ट्रक का जांच जारी, छः चालक गिरफ्तार





**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

अवैध कोयला तस्करों के खिलाफ खनन विभाग हजारीबाग व चौपारण पुलिस ने संयुक्त रूप से बडी कार्यवाई किया। बीते रात्रि चोरदाहा चेकपोस्ट पर छापेमारी के दौरान अवैध कोयला लदा छह ट्रक व एक पिकअप को जप्त किया गया। वही पांच कोयला लदे ट्रको के कागजात का जाँच पड़ताल जारी है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी शम्भू नंद ईश्वर में बताया कि खान निरीक्षक सुनील कुमार हजारीबाग के नेतृत्व में छापेमारी किया गया जिसमें कोयला लदे 11 ट्रक व एक पिकअप को जाँच पड़ताल के लिए रोका गया। कागजात मांग करने पर 6 ट्रको के चालको ने कागजात नही दिया बल्कि 5 ट्रक चालकों ने कागजात दिया। इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड माइंस - मिनरल (डिवलपमेंट एव रेगुलेशन ) एक्ट 1957, 9 / 13 झारखंड मिनरल्स नियम 2017 एवं 30 (पप) कोल माईन्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छः चालक क्रमश नागेंद्र कुमार शर्मा ग्राम पाण्डेयपुराना भोरे जिला थाना गोपालगंज , मंगल मुण्डा पिता हृदय मुण्डा ग्राम जवाहर नगर थाना बेरमो जिला बोकारो , कार सिंह पिता हुड्डू सिंह, ग्राम बरसोत थाना बरही जिला हजारीबाग, चुन्नू सिंह पिता अवधेश सिंह ग्राम+ थाना कुजू जिला रामगढ़ , राजेश कुमार पिता राजनंदन यादव ग्राम बड़हरा थाना नूर सराय जिला नालंदा , पप्पू राय पिता हरि राय थाना बनियापुर जिला सारण कल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। वही जप्त वाहनों में ट्रक वाहन संख्या जेएच 095-7551, जेएच 02 भी 1526, जेएच 02 यू 4551, बीआर 01 जीबी 9113, बीआर 21 जिए 9714, डव्लू बि 43 1143 एवं पिकअप वाहन संख्या जेएच 09 ए 8495 को जप्त किया गया।

## अलगडीहा में आजीविका महिला मंडल समूह के बहनों द्वारा सखी सम्मेलन का किया गया आयोजन

### मुखिया रीना देवी हुई शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



महिलाओं के साथ मुखिया रीना देवी

बरही प्रखण्ड अंतर्गत भण्डारो पंचायत के अलगडीहा मे आजीविका महिला मंडल समूह के बहनो द्वारा सखी सम्मेलन कराया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया रीना देवी उपस्थित हुई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रीना देवी एवं उपस्थित अन्य लोगो ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया। मुखिया रीना देवी ने संबोधित करते हुए कहा की जेएसएलपीएस के द्वारा समूह की दीदियो को समय समय पर प्रशिक्षण एवं लोन दिला कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही आजीविका महिला मण्डल द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओ को स्वावलम्बी बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे महिला आत्मनिर्भर बन रही है। मौके पर भण्डारो पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि सकलदेव यादव, पंसस रौशन खातून, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि इलियास खान, वार्ड सदस्य राखी रंजन, सहिया तमन्ना खातून, शिक्षक भोला यादव, कलीम अंसारी, आजीविका महिला ग्राम संगठन अध्यक्ष अनीता देवी, सचिव राखी रंजन, कोसाध्यक्ष सुनीता देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूहों व सखी मंडलो की काफी संख्या मे दीदियो ने भाग लिया।

## विधा विकास समिति रांची झारखंड द्वारा अधिकृत कैलाश रॉय एवं उनके टोली ने भामाशाह का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



दीप प्रज्वलित करते हुए

बरही गया रोड में संचालित भामाशाह सरस्वती विद्या मंदिर का विद्या विकास समिति रांची झारखंड द्वारा अधिकृत कैलाश र०य सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया विद्यालय प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष नवल कुमार, विद्यालय के विद्वत परिषद के प्रमुख सेठ साहू एवं प्रधानाचार्य शर्मेंद्र साहू ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शून्य क्लास की घंटी से लेकर वंदे मातरम तक कक्षा के क्रियाकलाप, शिशुलेखा, आचार्य लेखा, अर्थलेखा और इमारत के रख रखाव को देखा। साथ ही निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चो से कई प्रकार के प्रश्न भी पूछें। वहीं अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रजनीश पांडेय एवं निरीक्षण में आए सभी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर निरीक्षण को संपन्न किया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, कोषाध्यक्ष रोहित कुमार, सुरेश साव, प्रधानाचार्य रजनीश पांडेय सहित विद्यालय के अन्य आचार्या दीदी मौजूद थी।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## सिंघरावां मुखिया के 22 वर्षीय पुत्र का निधन, पूर्व विधायक सहित कई लोगों ने जताया शोक

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

सिंघरावां पंचायत के मुखिया संतोष सिंह के 22 वर्षीय पुत्र रौशन सिंह के असामयिक निधन की खबर सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ा। पुर्व विधायक ने मौत पर अपनी गहरी संवेदन प्रकट करते हुए कहा कि रौशन कुमार का मौत अत्यंत दुःखद एवं हृदय विदारक। हम सबके लिए मर्माहत करने वाला ख़बर है। ईश्वर इस मासूम आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं उनके परिवार को इस असीम कष्ट को सहन की शक्ति दें। बताया जाता है कि रौशन सिंह एक एस.एस.पी.ई नामक रोग से ग्रसित थे जो झारखण्ड का दूसरा मामला और देश स्तर पर मात्र 32 मामला है। ये मस्तिष्क में वायरस के कारण कई दिनों तक सेंसल्स रहता है। पहले दो अटेम्प्ट में मामूली रोग समझकर



मृतक का फाइल फोटो

हज़ारीबाग़ व राँची में इलाज करवाया लेकिन रोग के बारे में पता नही चला जब इसका ईलाज करवाने बैंगलोर ले जाया गया तब इस असाध्य रोग की जानकारी मिली। संतोष सिंह ने अपने पुत्र को बचाने के लिए हर सभव प्रयाश किया लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। दुःख प्रकट करने वालो में चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी, उप प्रमुख प्रिती कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, चौपारण प्रखण्ड के पूर्व बीडीओ धीरज प्रकाश, अमीत श्रीवास्तव, सीओ नीतीन शिवम गुप्ता, जीप सदस्य राकेश रंजन, आरती कौशल, समाजसेवी भुनेश्वर यादव, भाजपा नेता सुनील साव, राजेश सहाय, राजदेव यादव, गजाधर प्रसाद, आशीष गुप्ता, रंजन सिंह, सुनील सिंह, सीताराम साव, मुनेश्वर गुप्ता, प्रमेश्वर साहू, कांग्रेस नेता राजेन्द्र राणा, अशोक सिंह, रामलखन राणा, रामसुंदर प्रजापति, समाजसेवी अशोक प्रजापति, विजय मधेसिया, प्रवीण सिंह, विजय राणा, आप नेता संजय मेहता, सहदेव प्रसाद यादव, मुखिया पप्पू रजक, मंटू सिंह, गंदौरी दाँगी, रेखा देवी, सुनीता देवी, गुलाबी यादव, प्रतिनिधि प्रमेश्वर साहू, शिवा पासवान, दसरथ यादव सहित अन्य।

## प्रधानाध्यपिका के द्वारा छात्रा से अग्रेसित करवाने को लेकर की पैसे की मांग

**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढाब के प्रधानाध्यपिका रेणुका देवी पर नाजायज तरीक़े से छात्र-छात्राओं के साथ अग्रेसित करवाने के नाम पर अवैध रूप से पैसे की मांग करने की मामला प्रकाश में आया है इस सं. बंध में सतगावां थाना क्षेत्र के ढाब निवासी राजू कुमार पिता सोनू प्रसाद ने उपायुक्त कोडरमा व जिला शिक्षा अधीक्षक कोडरमा को एक शिकायती आवेदन पत्र देकर आवेदन के जरिये कहा है कि मेरी बेटी निशा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढाब के कक्षा सप्तम वर्ग की छात्रा है मेरी बेटी आकांक्षा परीक्षा जूनियर 2022 के लिए ऑनलाइन आवेदन


श्रीमान जिला शिक्षा अधीक्षक महोदय,
कोडरमा

विषय:– उत्क्रमित मध्य विद्यालय(ढाब) प्रखण्ड सतगॉवा के प्रधानाध्यापिका रेणुका देवी के द्वारा नाजायज तरीके से पैसा मॉगने के संबंध में।

महाशय,

सविनय निवेदन है कि मै राजु कुमार पिता सोनु प्रसाद यादव साकिन ढाब प्रखण्ड सतगॉवा पोस्ट वो थाना सतगॉवा जिला कोडरमा का निवासी हूँ। मेरी बेटी निशा कुमारी उत्क्रमित मध्य विद्यालय(ढाब) के कक्षा VII की छात्रा है मेरी बेटी अकांक्षा परीक्षा (जुनियर) 2022 के लिए ऑन लाईन आवेदन की थी जिसमे जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के द्वारा कहा गया कि विद्यालय के प्रधानाध्यापिका के द्वारा अग्रेसित करवाकर साथ लगाना होगा तो मै आज दिनांक 12.10.2022 को समय करीब 12:35 बजे मै और अपने सहयोगी ग्रामिण प्रदीप प्रसाद यादव के साथ विद्यालय गये तथा प्रधानाध्यापिका महोदया रेणुका देवी से सम्पर्क किये तो वो प्रमाणित करने के लिए पैसे की मांग करने लगे, जब हमदोनो. बोले कि इसमे पैसा कहॉ लगता है तो मेरी पुत्री निशा कुमारी एवं गॉव के अन्य दो बच्चे रौशन कुमार पिता निर्जय कुमार सुजीत कुमार पिता इन्द्रदेव प्रसाद यादव को आवेदन फेंक दिये तथा प्रमाणित नही किये जिससे मेरे बच्चो का भविष्य अंधकार मय हो गया है तथा मेरा बच्चा अकांक्षा (जुनियर) 2022 मे सम्मलित नही हो पायेगे।

अतः श्रीमान से सादर अनुरोध है कि मेरे द्वारा दिये गये आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए प्रधानाध्यापिका रेणुका देवी पर आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा प्रदान किया जाय इसके लिए मै श्रीमान का सदैव अभारी बना रहूँगा।

आपका विश्वासी
राजु कुमार
13/10/2022

ग्वाह –
राजेन्द्र प्रसाद C.R.P
संकुल संसाधन केन्द्र म० वि० शिवपुर
सभी सहायक शिक्षक उत्क्रमित मध्य विद्यालय(ढाब)
सतगॉवा कोडरमा

प्राप्त
13/10/2022

की थी जिसमें जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय कोडरमा के द्वारा कहा गया कि विद्यालय के प्रधानाध्यपिका के द्वारा अग्रेसित करवाकर साथ लाना होगा तो मैं दिनांक 12 अक्टूबर 2022 को करीब 12 बजकर 35 मिनट में अपने सहयोगी ग्रामीण प्रदीप प्रसाद यादव के साथ गए तथा प्रधानाध्यपिका रेणुका देवी से मिले तो वे प्रमाणित करने के लिए पैसे की मांग करने लगे जब हम दोनों बोले कि इसमें पैसा कहाँ लगता है तो मेरी पुत्री निशा कुमारी व गांव के 2 बच्चे रौशन कुमार पिता निर्जय कुमार, सुजीत कुमार पिता इंद्रदेव प्रसाद यादव का आवेदन फेंक दिए और प्रमाणित नहीं किये जिससे मेरे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो गया तथा मेरी बच्ची आकांक्षा जूनियर परीक्षा 2022 में शामिल नहीं हो पायेंगे उन्होंने ऐसे प्रधानाध्यपिका पर अविलंब कारवाई करने की मांग की है।इस संबंध में उत्क्रमित मध्य विद्यालय ढाब के प्रधानाध्यपिका रेणुका देवी से पूछने के फोन द्वारा संपर्क किये जाने पर फोन नहीं उठायी

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का डाड़ी कलाँ पंचायत में हुआ आयोजन

### हर आवेदन का टोकन मिलेगा जिसको सरकार लेगी संज्ञान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलाँ पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद विशिष्ट अतिथि प्रमुख फुलवा देवी ने द्वीप प्रज्वलित कर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में शामिल हुए अंबा प्रसाद ने उपस्थित ग्रामीणों को हेमंत सरकार के द्वारा संचालित विकास योजनाओं से अवगत कराते हुए कहा की हमारी गठबंधन की सरकार में बेटियों को सम्मान मिला है सरकार इसलिए बेटियों को 2500 से लेकर 5000 तक एवं 18 साल पूर्ण होने पर 20000 देगी आगे उन्होंने कहा की समाज में नशा के कारण छोटे पीढ़ी बिगड़ रहे है चौक चौराहों में यह बात



आम होरही है इसलिए सरकार इसपर नज़र बनाई हुई है। साथ ही डाड़ी कलाँ पंचायत में युवाओं को सौगात देते हुए कहा की जल्द ही यहाँ खेल मैदान बनाएगे। इस दौरान परिसंपत्तियों का वितरण विधायक द्वारा किया गया। साथ ही विभाग के द्वारा लगाए गए स्ट०ल विधायक ने निरीक्षण किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता (पैक्स सदस्य निबंधन), कल्याण विभाग, सांख्यिकी जन्म-मृत्यु निबंधन, राजस्व विभाग, सर्वजन पेंशन, स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग इत्यादि का स्ट०ल लगाया गया। स्टॉल में उपरोक्त विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया इल्यास अंसारी,पंचायत समिति सदस्य फयूम अंसारी, उप मुखिया हसमत अली, बिस सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, शमशेर आलम, शमीम अहमद, साबिर हुसैन, पंकज कुमार, कुलेश्वर राम, निर्मल राम, रफुल अंसारी, मो हनीफ, भास्कर राज, संजय रजक, प्रकाश कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम राम प्रकाश कुमार, अरुण पासवान के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ के डुमरियाटांड़ जंगल में तस्करों द्वारा डंप किया गया 17 टन अवैध कोयला बरामद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने थाना क्षेत्र के मड़मो जंगल अंतर्गत डुमरियाटांड़ जंगल में छापेमारी कर बड़ी मात्रा में अवैध कोयला बरामद किया है। बरामद किया गया कोयला तस्करों द्वारा बोकारो जिला के बेरमो थाना अंतर्गत बेदकारो के सुरक्षित वन क्षेत्र से मोटरसाइकिल के माध्यम से लाकर डंप किया गया था। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि डुमरियाटांड़ जंगल में बड़ी मात्रा में अवैध कोयला डंप कर रखा हुआ है। सूचना पर विष्णुगढ़ एसडीपीओ अनुज कुमार के नेतृत्व में टीम गठन



विष्णुगढ़ थाना

कर डुमरियाटांड जंगल में छापेमारी की गई। जिसमें जंगल में कुल 340 प्लास्टिक की बोरियों में भरा हुआ कोयला बरामद किया गया। बरामद बोरियों में लगभग 17 टन कोयला है। बताया जाता है कि तस्कर अवैध कोयले को मोटरसाइकिल के माध्यम से जंगल मे लाकर डंप करने के बाद अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से बड़े वाहनों में लोड कर ले जाने वाले थे। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए छापेमारी की गई। मामले को लेकर विष्णुगढ़ थाना में अज्ञात क०ल तस्करों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में एसडीपीओ अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पुअनि सेतलाल बारला, पुअनि बीरबल करमाली, पुअनि निशांत कुमार मिश्रा तथा थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## चंदवारा पशि्चमी डिग्री कॉलेज कैंपस में होगा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

दिनांक 15.10.2022 दिन शनिवार को चंदवारा पश्चिमी डिग्री कॉलेज के कैंपस में पूर्वाह्न 10:0बजे से आपकी योजना आपकी-सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसकी सूचना चंदवारा पश्चिमी के मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा के द्वारा स्थल निरीक्षण करके दिया गया उन्होंने पश्चिमी के सभी ग्रामीणों से अनुरोध किया है इस सभा में पहुंचकर जन आकांक्षाओं का लाभ उठाएं एवं एक दूसरे का सहयोग करें उस दिन निम्न कार्यो का निष्पादन किया जाएगा :- 01. सर्वजन पेंशन योजना के तहत वृद्धा, विधवा एवं विकलांग पेंशन की स्वीकृति। 02. ई-श्रम कार्ड, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु निबंधन। 03. किसान पंजीकरण। 04. मनरेगा के तहत जॉबकार्ड हेतु निबंधन एवं नए योजनाओं की स्वीकृति। 05. राशन कार्ड बनाने हेतु नए आवेदन का निबंधन। 06. मुख्यमंत्री पशु धन योजना के लिए आवेदन की प्राप्ति। 07. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन। 08. अन्य सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का निष्पादन कार्यक्रम स्थल पर ही होगा इस कार्यक्रम में चंदवारा पश्चिम के सभी ग्रामीण प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## चंदवारा पिपराडीह रोड में गैरमजरूआ जमीन पर स्थानीय लोग कर रहे हैं अतिक्रमण

### आखिर सवाल उठता है कि किसके संरक्षण मे गैरमजरूआ जमीन पर अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है

**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



चंदवारा (कोडरमा) केन्द्र सरकार गैरमजुरुवा जमीन पर ग्रामीण क्षैत्र में पार्क, खेल मैदान, स्टेडियम बना कर गांव में विकास लाने का काम कर रहे हैं,तो वही दूसरी तरफ भूमाफियाओं द्वारा गैरमजरूआ जमीन पर कब्जा कर नकली कागजात बना कर लाखो में बेचने का काम कर रहे हैं। चंदवारा अंचल अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में आम गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण मे बने मकान को अंचलाधिकारी ने तोड़वाने का काम विगत कुछ दिन पूर्व किए थे।वही चंदवारा पूर्वी में चंदवारा अंचलाधिकारी ने पूर्व में खाता न0175 प्लॉट न06287 आम गैरमजरूआ जमीन पर अतिक्रमण कर बना रहे मकान को रोका गया था लेकिन इसके बावजूद भी चंदवारा पूर्वी पंचायत अंतर्गत पिपराडीह रेलवे स्टेशन रोड़ खाता न0175 प्लॉट न06287 आम गैरमजरूआ जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा कर दीवाल खड़ा कर घर बनाने का काम जोरो शोरो पर चल रहा है।आपको बता दें कि उक्त खाता-प्लॉट चंदवारा अंचल मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर की दूरी पर है,जबकि प्रखंड प्रशासन का इस ओर नजर नही पहुँच पा रह है।

**सवालो के घेरे मे चंदवारा अंचल कार्यलाय**

एक ओर उपायुक्त महोदय के द्वारा चन्दवारा अंचल अन्तर्गत गैरमजरूआ जमीन से अतिक्रमण हटाने को लेकर कई दिशा निर्देश दिया जा रहा है और अंचल द्वारा कई लोगों को नोटिस जारी किया गया वही दूसरी और आम गैरमजरूआ जमीन पर धडल्ले से मकान बनाया जा रहा है

## ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दरमियान 11 हजार बिजली तार के चपेट में आने से एक और की मौत , मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 2, किया गया सुपुर्द ए खाक

### मौत की खबर सुनते हैं पदाधिकारियों के साथ छवनिया गांव पहुंची विधायक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बीते 9 अक्टूबर दिन रविवार को प्रखंड के ग्राम सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम छवनिया में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर निकले जुलूसए मोहम्मदी की गाड़ी से झूलते हुए 11 हजार वोल्ट बिजली के तार के चपेट में आने के कारण मौके पर ही एक की मौत हो गई थी।एवं 8 लोग घायल थे।जिसमें 4 लोग गंभीर रूप से घायल थे जिसका इलाज रांची रिम्स में चल रहा था।बृहस्पतिवार सुबह लगभग 6रू30 बजे गंभीर रूप से घायल 17 वर्षीय मोहम्मद सरफराज पिता मोहम्मद अब्बास ग्राम छवनिया निया निवासी की रांची रिम्स में इलाज के दरमियान मौत हो गई और इस तरह से बिजली के झूलते तार की चपेट की कांड में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2 हो गई।. वहीं 7 घायल जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं।इधर पुनः एक बार फिर मोहम्मद सरफराज की मौत की खबर गांव वालों को मिलते ही पूरी गांव में सन्नाटा छा गया।लोग काफी मर्माहत हो गए। परिजनों एवं रिश्तेदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। मोहम्मद सरफराज की पोस्टमार्टम के पश्चात उस की डेड ब0डी छवनिया गांव पहुंचते ही लोगों की भीड़ उसके डेड ब0डी को देखने के लिए उमड़ पड़ी।वहीं स्थानीय विधायक पदाधिक. ारियों के साथ छवनिया गांव पहुंची। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर आश्वस्त किया कि मदद के लिए आपके साथ हर तरह से खड़े हैं। वही मौके पर उपस्थित बड़कागांव प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने कहा कि इस परिवार को भी 500000 मुआवजा सहित परिवारिक लाभ मुहैया कराया जाएगा। वही मौके पर उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय तिवारी ने मृतक के दोनों बच्चों को दस दस रुपए सहायता राशि दीया।और मृतक के परिवार के एक पुत्री को पढ़ाई का सारा भार उठाने का वादा किया।और फिर मुस्लिम रीति रिवाज से सिरमा कब्रिस्तान में मोहम्मद सरफराज के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया।

**जीवित बचे से 7 घायलों का इलाज रांची रिम्स में है चल रहा**

मोहम्मद करामत अली पिता मोहम्मद शाहबान उम्र 29 वर्ष ग्राम छवनिया,मोहम्मद इफ्तेखार पिता कमालुद्दीन उम्र 32 वर्ष ग्राम छवनिया, मोहम्मद, मोहम्मद अब्दुल्लाह पिता मोहम्मद सुलतान ग्राम छवनिया,रवि कुमार पिता संजय महतो ग्राम पंडरिया ,मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद शाहबान उम्र 25 वर्ष ग्राम छवनिया निया,कमरुल होदा पिता मतलुब हसन ग्राम छवनिया,कामेश्वर कुमार पिता कार्तिक महतो उम्र 24 ग्राम पंडरिया,जिसमें गंभीर रूप से घायल मो. हम्मद अब्दुल्ला, मोहम्मद इफ्तेखार एवं रवि कुमार की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।इन सभी घायलों का इलाज रांची रिम्स में चल रहा है।मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद,जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा एवं सुनीता देवी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष तबस्सुम खान, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ,बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय तिवारी, साबिर अंसारी, शमशेर आलम।




## विष्णुगढ़ के अचलजामो में सरकार आपके द्वार शिविर में उमड़े लाभुक

### सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का मिला लाभ

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ में आयोजित शिविर का उद्घाटन करती प्रमुख समेत अन्य

प्रखंड के अचलजामो पंचायत में।गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, जिप सदस्य शेख तैयब, मुखिया कलावती देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से की। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं का ऑन द स्प0ट निराकरण किया गया। शिविर में लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचा. लित सभी प्रकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके लिए शिविर में अलग-अलग विभागों से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। मौके पर सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी ऋण, भू लगान रसीद आदि सैकड़ों आवेदन लिए गए। वहीं, जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल, सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी लूंगी, केसीसी ऋण की स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि का वितरण किया गया। मनरेगा समेत कई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, झामुमो जिलाध्यक्ष बीपीओ राजेश कुमार, पंसस छोटेलाल बेसरा, एडीएसओ आलोक कुमार, बीपीआरओ रामचंद्र दांगी समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE